**मध्यान्ह भोजन** | बच्चों को परोसा जा रहा चावल, दाल तो कभी सब्जी, सरकार की योजनाओं पर उठ रहे सवाल

# चार महीने से नहीं मिला मध्यान्ह भोजन का भुगतान



**मंडला 1 सितंबर नभाप्र.** सरकार की स्कूली बच्चों के लिए चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजना मध्यान्ह भोजन अब सवालों के घेरे में नजर आ रही है। जिले में एक नहीं कई प्राथमिक शालाओं में मध्यान्ह भोजन मेन्यू चार्ट के हिसाब से नहीं बनाया जा रहा है। बच्चों के शरीरिक विकास के लिए उचित पोषण युक्त आहार देने की मंशा का क्रियान्वयन जिले की स्व सहायता समूह नहीं कर पा रही है, कारण समूह को पिछले चार माह से मध्यान्ह भोजन के लिए भुगतान नहीं मिल है। जिससे नौनिहाल मध्यान्ह भोजन में जो मिल रहा है, वहीं भोजन कर रहे है।

जानकारी अनुसार जब हमारी टीम मंडला जिले की ग्राम पंचायत खड़देवरा के अमगवां गाँव पहुंची और बच्चों को दिये जाने वाले मध्यान्ह भोजन की जानकारी ली तो पता चला कि यहां पिछले कई महिनों से बच्चों को मेन्यू चार्ट के हिसाब से भोजन नहीं खिलाया जा रहा है। प्राथमिक शालाओं में संचालित मध्यान्ह भोजन अब सवालों के घेरे में है। अमगवां के प्राथमिक शाला में पढ़ने वाले 42 बच्चों को मेन्यू के हिसाब से पूरा खाना नहीं मिल रहा है। बच्चों को सिर्फ दाल-चावल तो कभी चावल के साथ सब्जी परोसी जा रही है, जबकि मेन्यू में सब्जी और अन्य पौष्टिक आहार भी शामिल हैं।

बताया गया कि जन शिक्षा केंद्र हिरदेनगर के अंतर्गत आने वाली शासकीय प्राथमिक शाला अमगवां में कक्षा पहली से पांचवीं तक के 42 बच्चे दर्ज हैं। इन बच्चों के लिए माँ नर्मदा स्व सहायता समूह द्वारा मध्यान्ह भोजन का संचालन किया जा रहा है, लेकिन समूह का कहना है कि उन्हें पिछले चार महीने से भुगतान नहीं मिला है। समूह अध्यक्ष ने बताया कि वे अपने पास से पैसा लगाकर बच्चों को भोजन करा रही हैं। आर्थिक तंगी के कारण वे बच्चों को मेन्यू के हिसाब से पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन नहीं दे पा रही हैं।

### बिना भुगतान के परोस रहे भोजन

माँ नर्मदा स्व सहायता समूह अध्यक्ष बंसती सिंगरौरे ने बताया कि पदमी सोसाइटी के सेल्समैन ने जुलाई माह के राशन के लिए उनके फिंगरप्रिंट भी ले लिए थे, लेकिन उन्हें राशन नहीं दिया गया। अब अगस्त का महीना भी खत्म हो चुका है, और अभी तक उस महीने का भी राशन नहीं मिला है। इस वजह से समूह के सामने बच्चों को खाना खिलाना एक बड़ी चुनौती बन गई है। स्व सहायता समूह ने अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए बताया कि वे अपने पास से पैसा लगाकर बच्चों को भोजन करा रहे हैं। उनकी आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत नहीं है कि वे लगातार बिना भुगतान के यह काम जारी रख सकें। यही नहीं, उन्हें राशन भी समय पर नहीं मिल रहा है।

### सरकार की मंशा पर सवाल

सोमवार को मेन्यू के अनुसार बच्चों को चावल के साथ तुअर की दाल और चना-टमाटर की सब्जी खिलानी थी। लेकिन उन्हें केवल दाल और चावल दिया गया। इस घटना से सरकार की पोषण आहार को प्राथमिकता देने की मंशा पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। जब समय पर भुगतान और राशन ही नहीं मिलेगा, तो स्व-सहायता समूह बच्चों को पौष्टिक भोजन कैसे दे पाएगा।

### बच्चों पर पड़ रहा असर

बताया गया कि मध्यान्ह भोजन में बिना मेन्यू चार्ट के बच्चों को भोजना कराना एक गाँव की समस्या नहीं है, बल्कि यह उन सरकारी तंत्र की खामियों को उजागर करती है, जो सीधे तौर पर बच्चों के भविष्य और स्वास्थ्य से जुड़ी हुई हैं। शिक्षा का अधिकार कानून और पोषण योजनाओं का लाभ तभी मिलेगा, जब जमीनी स्तर पर उनका सही क्रियान्वयन होगा। जिले के नौनिहालों को मिलने वाले पौष्टिक मध्यान्ह भोजन से वंचित किया जा रहा है, जिसका सीधा असर उनके विकास पर भी पड़ रहा है।

### इनका कहना है

समूह का भुगतान ना होने से उधारी मिलने में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, तीन माह का भुगतान सोमवार को भोपाल से हो गया है, आगे से मेन्यू चार्ट के हिसाब से बच्चों को भोजन दिया जाएगा।

**मुकुल पटेल**
एमडीएम प्रभारी, मंडला

मध्यान्ह भोजन की राशि पिछले चार महीने से समूहों के खाते में नहीं आने के कारण समूह सदस्य परेशान हो रहे थे। इसलिए मैन्यू के आधार पर भोजन दे पाने में असक्षम थे। मध्यान्ह भोजन की राशि का भुगतान प्रतिमाह एक निश्चित तारीख के पहले सरकार को करना चाहिए।

**पीडी खैरवार**, संरक्षक
मध्यान्ह भोजन योजना संचालक समूह मंडला

# बाल गणेश प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र, सोशल मीडिया में वायरल

## ग्राम कोहका का श्री गणेश पंडाल देखने उमड़ रही भीड़, छत्तीसगढ़ की तर्ज पर स्थापित की प्रतिमा

**निवास 1 सितंबर नभाप्र.** निवास विकासखंड के ग्राम कोहका में इस वर्ष स्थापित किया गया श्री गणेश पंडाल इन दिनों लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। यहाँ स्थापित भगवान श्री गणेश का बाल स्वरूप की प्रतिमा भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन गई है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुँच रहे हैं।

जानकारी अनुसार इस प्रतिमा को डिंडोरी जिले के शहपुरा विकासखंड के बिछिया ग्राम के मूर्तिकार द्वारा बनाई गई है। बताया गया कि सिद्धिविनायक समिति द्वारा स्थापित यह प्रतिमा इसलिए भी खास है क्योंकि पिछले वर्ष इसी तरह की एक प्रतिमा छत्तीसगढ़ में स्थापित हुई थी, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थी। इस साल वही बाल गणेश की छवि ग्राम कोहका में स्थापित की गई है, और यह भी खूब वायरल हो रही है।

पंडाल में उमड़ रही भीड़ :



श्री गणेश स्थापना के बाद से ही ग्राम कोहका में विराजमान श्रीगणेश प्रतिमा को देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है और अपने मोबाइल में तस्वीरें सहजकर रख रहे है। सुबह-शाम की आरती में भी भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। समिति ने पंडाल की विशेष साज-सज्जा भी की है, जो भक्तों के उत्साह को और बढ़ा रही है। यह बाल गणेश प्रतिमा लोगों में गहरी श्रद्धा और उत्साह पैदा कर रही है, और उम्मीद है कि आने वाले दिनों में और भी ज्यादा लोग दर्शन के लिए यहाँ पहुँचेंगे।

# धार विजेता, मंडला की टीम उपविजेता

## ईएमआरएस की राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**मंडला 1 सितंबर नभाप्र.** शासकीय एकलव्य आवासीय विद्यालय सेमरखापा में दो दिवसीय ईएमआरएस राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई है। जिसका समापन आज मंगलवार को दूसरे दिन की प्रतियोगिता के बाद किया जाएगा। बताया गया कि प्रतियोगिता के पहले दिन सोमवार को बालिका वर्ग के मुकाबले संपन्न हुए। जिसमें फाइनल मुकाबला धार और मंडला जिले की टीमों के बीच खेला गया। धार की टीम ने शुरू से ही बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मंडला पर बढ़त बना ली और अंत में 10 अंकों से जीत हासिल कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। वहीं मंडला जिले की टीम उपविजेता रही। इस प्रतियोगिता में कुल 10 जिलों की बालिका टीमों ने हिस्सा लिया।बताया गया कि मैच का शुभारंभ जिला पंचायत मंडला उपाध्यक्ष इंजीनियर कमलेश तेकाम ने किया। वहीं पहले दिन की प्रतियोगिता के समापन में निवास विधायक चैनसिंह वरकड़े उपस्थित रहे। इस दौरान मंच पर सहायक आयुक्त वंदना गुप्ता, प्राचार्य रीना, जिला क्रीड़ा अधिकारी मंगल सिंह पंद्रे सहित नीरज अग्रवाल, जावेद अली, सोना दुबे, आशीष महेश्वरी समेत गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पीटीआई मधु कछवाहा, गौतम सुर, अवध कुमार पटेल, लीला सिंह पंद्रों, प्रशांत बसाल, महेश मरावी, सुधीर कछवाहा और शशांक मिश्रा के साथ ब्लॉक समन्वयक करुणा मर्सकोले और अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा। मैच के अंत में सभी खिलाड़ियों को खेल प्रेमियों ने बधाई और शुभकामनाएं दीं। मंच का संचालन अवध पटेल और शशांक मिश्रा द्वारा किया गया।

# स्वामी लक्ष्मणानन्द सरस्वती का बलिदान दिवस मनाया

**भुआ बिछिया 1 सितंबर नभाप्र.** विश्व हिंदू परिषद द्वारा स्वामी लक्ष्मणानन्द सरस्वती के बलिदान दिवस के अवसर पर बिछिया के चर्राटोला में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वामी जी के जीवन और राष्ट्र के प्रति उनके बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी लक्ष्मणानन्द सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर की गई। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में धर्म प्रसार जिला प्रमुख विवेक कुमार पाण्डेय ने स्वामी जी के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि स्वामी जी का जन्म 1924 में ओडिशा के कंधमाल जिले में हुआ था। बचपन से ही वे अध्यात्म की ओर आकर्षित थे।

# नेशनल हाईवे 30 में रेत से फिसला शिक्षक, ट्राले से हुई मौत

## एनएच 30 मार्ग में अंजनिया चौकी क्षेत्र में दर्दनाक हादसा



**मंडला 1 सितंबर नभाप्र.** अंजनिया चौकी क्षेत्र के नेशनल हाईवे 30 मार्ग में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक शिक्षक की मौत हो गई। बाइक पर सवार शिक्षक रेत से फिसलने के बाद अनियंत्रित होकर एक ट्रॉले की चपेट में आ गया। जिससे शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। यह सड़क हादसा अंजनिया के अहमदपुर चौराहा से 200 मीटर पहले पुरानी बंजी रोड के पास सुबह करीब 10.40 बजे हुआ। मृतक की पहचान 59 वर्षीय राजकुमार झारिया के रूप में हुई है, जो अंजनिया निवासी थे और ग्राम बघरौड़ी में प्राथमिक शाला में शिक्षक थे।

जानकारी अनुसार शिक्षक राजकुमार घर से स्कूल जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हाईवे पर बिखरी हुई रेत के कारण उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वे पीछे से आ रहे एक ट्रॉले के पहिए के नीचे आ गए। हालांकि उन्होंने हेलमेट पहन रखा था, लेकिन सिर पर पहिया चढ़ने के कारण उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश

घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में मातम छा गया। ग्रामीणों ने इस हादसे को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि क्षेत्र में अवैध रेत के परिवहन के दौरान ट्रैक्टरों से हाईवे पर रेत बिखेर दी जाती है, जिससे कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि तीन दिन पहले ही उन्होंने इस बारे में स्थानीय प्रशासन को सूचित किया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने बताया कि अंजनिया, मांद, खामटीपुर, नारा-दिवारा सहित कई गांवों से हो रहे अवैध रेत परिवहन पर रोक लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक इस पर लगाम नहीं लगती, ऐसे हादसे होते रहेंगे।

### पुलिस की हिरासत में ट्राला चालक

सड़क हादसे की सूचना मिलते ही अंजनिया पुलिस टीम मौके पर पहुंची और एंबुलेंस और ग्रामीणों की मदद से शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने बताया कि ट्रॉला चालक को हिरासत में ले लिया गया है और मामले की जांच जारी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता मोंटफोर्ट स्कूल में आयोजित, 200 प्रतिभागी हुए शामिल



**मंडला 1 सितंबर नभाप्र.** मोंटफोर्ट विद्यालय में दो दिवसीय संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सात जिलों के लगभग 200 प्रतिभागी शामिल हुए हैं। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा थे। मंडला कलेक्टर ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद संस्था प्रमुख ब्रदर बिनु चेरियन ने मुख्य अतिथि का स्वागत सैंपलिंग, मोमेंटो और शाल देकर किया। इसके बाद बच्चों ने मनमोहक स्वागत गीत और छात्राओं द्वारा नृत्य की प्रस्तुति की गई।

**खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है -कलेक्टर सोमेश मिश्रा**

आयोजित संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। मैदानी खेलों के दौरान गतिविधियों से शारीरिक क्षमता में वृद्धि होती है। इसी तरह शतरंज जैसे मानसिक दृढ़ता वाले खेलों से मेंटल टफनेस स्ट्रांग होती है। शतरंज भारत का प्राचीन खेल है। यहीं से यह विदेशों में पहुंचा है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने आयोजित संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों व गुरूजनों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी शतरंज खिलाड़ी इस खेल को खेल भावना से खेलें। प्रत्येक मूव को गंभीरता से बढ़ाएं। शतरंज का यह खेल आपके धैर्य की परीक्षा करता है।



उन्होंने आगे कहां कि खेल में एक प्यादा भी यदि पूरी सतर्कता और तार्किकता के साथ आगे बढ़ाया जाता है तो आगे बढ़कर वह घोड़ें, ऊँट या वजीर के रूप में अपना स्थान बना लेता है। उन्होंने कहा कि शतरंज के खेल की तरह ही आपके जीवन में भी विभिन्न पड़ाव पर आपके द्वारा लिए गए छोटे-छोटे मूव ही आपके आने वाले जीवन को निर्धारित करते हैं। कलेक्टर ने सभी प्रतिभागियों को अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरकड़े, एपीसी मुकेश पांडे, कांधीलाल मरकाम, प्राचार्य निर्मला स्कूल, प्राचार्य भारत ज्योति भारत सीवी जोसेफ, डॉ उपेंद्र शुक्ला, जिला शिक्षा खेल अधिकारी विकास खराड़कर, समाजसेवी संजय तिवारी, मोंटफोर्ट स्कूल के प्राचार्य, स्टॉफ और जबलपुर संभाग के विभिन्न जिलों से प्रतियोगिता में हिस्सा लेने आए प्रतिभागी एवं कोच स्टॉफ मौजूद रहे।

# राष्ट्रगान के लिए एकजुट हुआ मंडला, हम फाउंडेशन का आयोजन

## अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने किया राष्ट्रगान कार्यक्रम का नेतृत्व

**मंडला 1 सितंबर नभाप्र.** हम फाउंडेशन भारत सामाजिक संगठन द्वारा 1 सितंबर को दो मिनट राष्ट्र के नाम कार्यक्रम के तहत राष्ट्रगान का आयोजन किया गया। यह इस कार्यक्रम का दूसरा महीना था। इस बार के आयोजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। हम फाउंडेशन की मंडला शाखा द्वारा हर महीने की पहली तारीख को यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। सुबह 9 बजे स्थानीय नेहरू स्मारक चौक पर भारत माता को नमन करते हुए राष्ट्रगीत का गायन किया गया। नियत समय से 15 मिनट पहले ही फाउंडेशन के सभी पदाधिकारी और सदस्य कार्यक्रम स्थल पर



पहुंच गए थे। इस महीने के आयोजन में पतंजलि योग समिति के सदस्य भी शामिल हुए। हम फाउंडेशन की इस पहल का मुख्य उद्देश्य सभी संगठनों और समाजसेवियों को राष्ट्र प्रेम के लिए एकजुट करना है। संगठन लगातार इस दिशा में प्रयास कर रहा है जिससे सभी लोग मिलकर देश के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त कर सकें। यह पहल न केवल राष्ट्रभक्ति को बढ़ावा दे रही है, बल्कि विभिन्न सामाजिक समूहों को एक साझा मंच पर ला रही है।

# एसोसिएशन ने शिक्षकों को दी कानूनी जानकारी और सुरक्षा का आश्वासन

## तीन संतान के नाम पर शिक्षकों को ब्लैक मेल करने का मामला उजागर



**मंडला 1 सितंबर नभाप्र.** ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन द्वारा मवई ब्लॉक के उन शिक्षकों की बैठक ली गई जिनकी 3 संताने हैं। मवई ब्लॉक के कई शिक्षकों द्वारा एसोसिएशन को बताया कि मवई क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों के द्वारा तीन संतान के नाम पर ऐसे शिक्षकों को ब्लैकमेल किया जा रहा था। बैठक में एक शिक्षक ने बताया कि उनसे तीन संतान होने के आधार पर एक लाख रुपये की मांग की गई थी। कई अन्य शिक्षकों ने भी इसी तरह की परेशानियों से एसोसिएशन के पदाधिकारियों को अवगत कराया।

इन शिकायतों के बाद ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डीके सिंगौर, जिला अध्यक्ष दिलीप मरावी और महिला विंग की जिला अध्यक्ष मीना साहू ने शिक्षकों को इस नियम से जुड़ी कानूनी जानकारी दी। पदाधिकारियों ने शिक्षकों को बताया कि तीन संतान का नियम उन पर लागू नहीं होता है, क्योंकि न तो उनकी नियुक्ति के समय तीन संतानें थीं और न ही उनकी तीसरी संतान के जन्म के समय मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम लागू था।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विभाग ने नियम बनने के बाद किसी भी शिक्षक से कोई अंडरटेकिंग नहीं ली है। एसोसिएशन ने सभी शिक्षकों से अपील की है कि वे बिना डरे और ईमानदारी से अपना काम करें। उन्होंने शिक्षकों को भरोसा दिलाया कि अगर कोई व्यक्ति फिर से धमकाता है या पैसे की मांग करता है, तो उसकी जानकारी एसोसिएशन को दें, जिसके बाद पुलिस में शिकायत की जाएगी। पदाधिकारियों ने शिक्षकों को अपनी संतानों से संबंधित जानकारी न छिपाने और उसे सेवा पुस्तिका में दर्ज कराने की सलाह दी है। एसोसिएशन ने बताया कि वे इस मामले में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांस कूमट से मिल चुके हैं, जिन्होंने आश्वासन दिया है कि किसी भी शिक्षक के साथ अन्याय नहीं होगा। जल्द ही एसोसिएशन सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव से मिलकर भी शिक्षकों का पक्ष रखेगा। बैठक में सरिता सिंह, उमेश यादव, प्रदीप पटेल, आसित लोध, गोपाल राजपूत समेत अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

**प्रदर्शन** | कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर फूंका पुतला, राहुल गांधी ने देश की मातृशक्ति का किया अपमान-प्रफुल्ल मिश्रा

# राहुल गांधी के बयान के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन






**मंडला 1 सितंबर नभाप्र.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत माताजी पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कथित अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा मंडला ने जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर राहुल गांधी का पुतला दहन किया। यह विरोध प्रदर्शन भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के निर्देश पर हुआ। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने न सिर्फ प्रधानमंत्री की माताजी, बल्कि पूरे देश की मातृशक्ति का अपमान किया है। कार्यकर्ताओं ने इस कृत्य को अक्षम्य बताया और कहा कि देश की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री शशि पटेल ने कहा कि राहुल गांधी की यह सोच केवल एक परिवार तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश की माताओं और बहनों का अपमान है। उन्होंने कहा कि देश इस तरह की संकीर्ण मानसिकता को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। वहीं नैनपुर नगरपालिका अध्यक्ष, कृष्णा पंजवानी ने कहा कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माताजी के लिए अमर्यादित भाषा का प्रयोग करके करोड़ों भारतीयों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति इस बयान का कड़ा विरोध करती है और कांग्रेस पार्टी को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए।

जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस की यह ओछी मानसिकता केवल प्रधानमंत्री का नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की माताओं और बहनों का अपमान है। उन्होंने कहा कि भाजपा इसे सहन नहीं करेगी और लोकतांत्रिक तरीके से इसका कड़ा विरोध जारी रखेगी। महिला मोर्चा ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि वे देश की गरिमा और मातृशक्ति के सम्मान के लिए हमेशा संघर्षरत रहेंगी। विरोध प्रदर्शन में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू कछवाहा, प्रदेश मंत्री शशि पटेल, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष अनीता तिवारी, नगरपालिका नैनपुर अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी, नगर परिषद अध्यक्ष मीना हरदहा (बम्हनी), रजनी मरावी (बिछिया), श्रद्धा उईके, शिखा श्रीवास्तव, उमा यादव, ओमवती उइके सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। इसके साथ ही नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, पूर्व विधायक डॉ. शिवराज शाह, पारस असरानी, विनय मिश्रा, मंडल अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत और राजकुमार चौकसे सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद थे।